# किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0, लखनऊ
## वित्त एवं लेखा विभाग
www.kgmcindia.edu, E-mail : fo@kgmcindia.edu, GSTIN No- 09AAAAK4509K1ZJ


<u>अति–आवश्यक / महत्वपूर्ण</u>

प्रेषक,

संतोष कुमार शर्मा,
वित्त अधिकारी,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

कुलसचिव,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**विषय :– वेतन / स्टाइपेंड आहरण हेतु आनलाइन रजिस्ट्रेशन के सम्बन्ध में।**

पत्रांक :1053/वित्त एवं लेखा/2025 — दिनॉक :02/07/2025

महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि इस चिकित्सा संस्थान में नवनियुक्त अधिकारियों / चिकित्सा शिक्षकों / कर्मचारियों / रेजिडेन्टों इत्यादि के वेतन व एम0बी0बी0एस0 / बी0डी0एस0 / एफ0एम0जी इन्टर्न के इन्टर्नशिप स्टाइपेन्ड भुगतान प्रक्रिया में विभागों द्वारा प्रायः 03 से 04 माह की देरी से प्रपत्र उपलब्ध कराये जाते हैं जिस कारण सम्बन्धित नवनियुक्त अधिकारियों / चिकित्सा शिक्षकों / कर्मचारियों / रेजिडेन्टों व एम0बी0बी0एस0 / बी0डी0एस0 / एफ0एम0जी इन्टर्न को समय से भुगतान नहीं हो पाता है और उन्हें आर्थिक संकट के साथ–साथ बार–बार विभागों के चक्कर लगाने पडते हैं।

उक्त समस्या के समाधान हेतु वित्त कार्यालय द्वारा पूर्व में उपलब्ध कराये गये बायोमेट्रिक लॉगिन(समस्त विभागाध्यक्ष के पास उपलब्ध है) के माध्यम से वेतन आहरण के रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया चालू की गयी है। उक्त रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को पूर्णतया पारदर्शी बनाया गया है जिससे सम्बन्धित नवनियुक्त अधिकारियों / चिकित्सा शिक्षकों / कर्मचारियों / रेजिडेन्टों व एम0बी0बी0एस0 / बी0डी0एस0 / एफ0एम0जी इन्टर्न को प्रत्येक चारण की सूचना / कार्यवाही की स्थिति WhatsApp के माध्यम मिलती रहेगी।

आनलाइन रजिस्ट्रेशन की पारदर्शी प्रक्रिया हेतु निम्नवत व्यवस्था प्रभावी है–

1. अधिकारियों / चिकित्सा शिक्षकों / कर्मचारियों / रेजिडेन्टों के वेतन आहरण हेतु रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभागाध्यक्ष के बायोमेट्रिक लॉगिन आई0डी0 से किया जायेगा।
2. एम0बी0बी0एस0 / एफ0एम0जी इन्टर्न के इन्टर्नशिप स्टाइपेन्ड आहरण हेतु रजिस्ट्रेशन अधिष्ठाता, चिकित्सा संकाय के बायोमेट्रिक लॉगिन आई0डी0 से किया जायेगा।
3. बी0डी0एस0 इन्टर्न के इन्टर्नशिप स्टाइपेन्ड आहरण हेतु रजिस्ट्रेशन अधिष्ठाता, दंत संकाय के बायोमेट्रिक लॉगिन आई0डी0 से किया जायेगा।

**<u>वेतन आहरण हेतु आनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया द्वारा संस्थान के विभिन्न विभागों से अभी तक कुल 340 रेजिडेन्टों व 46 बी0डी0एस0 इन्टर्न का रजिस्ट्रेशन सफलतापूर्वक किया जा चुका है।</u>**

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया संस्थान में नवनियुक्त अधिकारियों / चिकित्सा शिक्षकों / कर्मचारियों / रेजिडेन्टों इत्यादि के वेतन व एम0बी0बी0एस0 / बी0डी0एस0 / एफ0एम0जी इन्टर्न के इन्टर्नशिप स्टाइपेन्ड भुगतान हेतु आनलाइन रजिस्ट्रेशन की पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने हेतु समस्त विभागाध्यक्षों को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें जिससे समय से उनके भुगतान की प्रक्रिया की जा सके।

भवदीय

(संतोष कुमार शर्मा)
वित्त अधिकारी
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश लखनऊ

*पृष्ठांकन संख्या :–1053-A/वित्त एवं लेखा/2025 तद्दिनॉक।*

*प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–*

1. *कुलपति जी के निजी सचिव को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।*
2. *मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, गॉधी स्मारक एवं सम्बद्ध चिकित्सालय, के0जी0एम0यू0।*
3. *चिकित्सा अधीक्षक, गॉधी स्मारक एवं सम्बद्ध चिकित्सालय, के0जी0एम0यू0।*
4. *अधिष्ठाता चिकित्सा / दंत संकाय के0जी0एम0यू0।*

वित्त अधिकारी
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश लखनऊ

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ- 226003
कुलसचिव कार्यालय
फोन: 91-0522-2258365 फैक्स: 91-0522-2257539 वेबसाईट:www.kgmu.org.

दिनांक:...08/07/25

पत्रांक संख्याः 594 /जी0ए0 अनुभाग/2025

कार्यालय आदेश

श्री संतोष कुमार शर्मा, वित्त अधिकारी, के0जी0एम0यू0, लखनऊ के पत्रांक संख्या:-1053/वित्त एवं लेखा/2025 दिनांकः 02.07.2025 के द्वारा इस चिकित्सा संस्थान में नवनियुक्त अधिकारियों/चिकित्सा शिक्षकों/कर्मचारियों/रेजिडेन्टों इत्यादि के वेतन व एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0/एफ0एम0जी इन्टर्न के इन्टर्नशिप स्टाइपेन्ड भुगतान प्रकिया में विभागों द्वारा प्रायः 03 से 04 माह की देरी से प्रपत्र उपलब्ध कराये जाते हैं, जिस कारण सम्बन्धित नवनियुक्त अधिकारियों/चिकित्सा शिक्षकों/ कर्मचारियों/रेजिडेन्टों व एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 /एफ0एम0जी इन्टर्न को समय से भुगतान नहीं हो पाता है और उन्हें आर्थिक संकट के साथ-साथ बार-बार विभागों के चक्कर लगाने पडते है। उक्त समस्या के समाधान हेतु वित्त कार्यालय द्वारा पूर्व में उपलब्ध कराये गये बायोमेट्रिक लॉगिन (समस्त विभागाध्यक्ष के पास उपलब्ध है) के माध्यम से वेतन आहरण के रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया चालू की गयी है। उक्त रजिस्ट्रेशन प्रकिया को पूर्णतया पारदर्शी बनाया गया है जिससे सम्बन्धित नवनियुक्त अधिकारियों/चिकित्सा शिक्षकों/ कर्मचारियों/रेजिडेन्टों व एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 /एफ0एम0जी इन्टर्न को प्रत्येक चरण की सूचना/कार्यवाही की स्थिति WhatsApp के माध्यम मिलती रहेगी। आनलाइन रजिस्ट्रेशन की पारदर्शी प्रकिया हेतु निम्नवत् व्यवस्था प्रभावी हैः-

1. अधिकारियों/चिकित्सा शिक्षकों/कर्मचारियों/रेजिडेन्टों के वेतन आहरण हेतु रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभागाध्यक्ष के बायोमेट्रिक लॉगिन आई0डी0 से किया जायेगा।
2. एम0बी0बी0एस0/एफ0एम0जी इन्टर्न के इन्टर्नशिप स्टाइपेन्ड आरहण हेतु रजिस्ट्रेशन अधिष्ठाता, चिकित्सा संकाय के बायोमेट्रिक लॉगिन आई0डी0 से किया जायेगा।
3. बी0डी0एस0 इन्टर्न के इन्टर्नशिप स्टाइपेन्ड आहरण हेतु रजिस्ट्रेशन अधिष्ठाता, दंत संकाय के बायोमेट्रिक लॉगिन आई0डी0 से किया जायेगा।

**वेतन आहरण हेतु आनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया द्वारा संस्थान के विभिन्न विभागों से अभी तक कुल 340 रेजिडेन्टों व 46 बी0डी0एस0 इन्टर्न का रजिस्ट्रेशन सफलतापूर्वक किया जा चुका है।**

कृपया संस्थान में नवनियुक्त अधिकारियों/चिकित्सा शिक्षकों/कर्मचारियों/रेजिडेन्टों इत्यादि के वेतन व एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0/एफ0एम0जी इन्टर्न के स्टाइपेन्ड भुगतान हेतु आनलाइन रजिस्ट्रेशन की पारदर्शी प्रकिया अपनाने हेतु समस्त विभागाध्यक्षों को अपने स्तर से निर्देशित किये जाने की अपेक्षा की गयी है, जिससे समय से उनके भुगतान की प्रकिया की जा सके।

उक्त निर्देशों का अनुपलान कड़ाई से सुनिश्चित किया जायें।

(अर्चना गहरवार)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्याः- 3343 /जी0ए0 अनु0/2025 तद्दिनांक
प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. वित्त अधिकारी, के0जी0एम0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता, चिकित्सा/दंत विज्ञान/पैरामेडिकल/नर्सिंग/छात्र कल्याण, के0जी0एम0यू0, लखनऊ।
3. समस्त विभागाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय/दंत विज्ञान संकाय, के0जी0एम0यू0, लखनऊ।
4. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/चिकित्सा अधीक्षक, गांधी स्मारक एवं सम्बद्ध चिकित्सालय, के0जी0एम0यू0, लखनऊ।
5. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, ट्रामा सेन्टर के0जी0एम0यू0, लखनऊ।
6. कुलानुशासक, के0जी0एम0यू0, लखनऊ।
7. चीफ प्रोवोस्ट/प्रोवोस्ट, समस्त छात्रावास, के0जी0एम0यू0, लखनऊ।
8. समस्त प्रभारी, कुलसचिव कार्यालय, के0जी0एम0यू0, लखनऊ।
9. मा0 कुलपति महोदया के वैयक्तिक सहायक को मा0 कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।

08/7/25
(अर्चना गहरवार)
कुलसचिव

3823
09/7/25

FAO | I/C Salary

FAO